**सोमवार**
30 मई 2022



पृष्ठ 4
**होंठों से लेकर एड़ियों तक में चमक लाएगा खरबूजा**



पृष्ठ 5
**किल बिल का रीमेक नहीं है कृति की अपकमिंग मूवी**




- देहरादून
- वर्ष 30
- अंक 118
- पृष्ठ 8
- मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त


**आज का विचार**

भय से ही दुःख आते हैं, भय से ही मृत्यु होती है और भय से ही बुराइयाँ उत्पन्न होती हैं।
– विवेकानंद

### गायक सिद्धू की हत्या में पंजाब एसटीएफ की टीम ने दून में डाला डेरा

## हेमकुण्ड से आ रहे कुछ युवकों से की कड़ी पूछताछ, एक को साथ लेकर गये

संवाददाता

देहरादून। पंजाब के गायक शुभदीप सिंह उर्फ सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मामले में पंजाब एसटीएफ ने दून में डेरा डालने के साथ ही हेमकुण्ड साहिब से वापस आ रहे कई लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। जबकि एक युवक को घटना का सूत्रध र मानते हुए उसको अपने साथ ले गयी। स्थानीय पुलिस ने पूछताछ की पुष्टि की लेकिन गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की है। वहीं एसटीएफ उत्तराखण्ड ने इस बात की पुष्टि की गयी है कि पंजाब एसटीएफ गाडी में सवार युवक को अपने साथ ले गयी है।



उल्लेखनीय है कि गत दिवस पंजाब के गायक शुभदीप सिंह उर्फ सिद्धू मूसेवाला की हत्या उस समय की गयी जब वह अपने दो साथियों के साथ अपनी गाडी चलाकर गांव जवाहरके के रास्ते खारा-बरनाला जा रहे थे तभी दो कारों में सवार बदमाशों ने सिद्धू की कार पर रिवाल्वर व एके -47 से लगभग दस मिनट तक फायरिंग की जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी जबकि उसके दोनों साथी गम्भीर रूप से घायल हो गये। इस घटना से पंजाब में हडकम्प मच गया। सिद्धू मूसेवाला की हत्या पर भाजपा, कांग्रेस व आप नेताओं ने दुःख व्यक्त किया। इस मामले को पंजाब के डीजीपी वीके भंवरा ने भी गम्भीरता से लेते हुए एसआईटी का गठन करने के आदेश देते हुए पुलिस अधिकारियों को घटना का शीघ्र खुलासा करने के आदेश दिये। वहीं सिद्धू की हत्या का जिम्मा कनाडा में बैठे गैगेस्टर गोल्डी बरार ने लिया है। गोल्डी बरार अजमेर जेल में बंद लॉरेस विश्नोई का करीबी माना जाता है।

आज यहां पंजाब एसटीएफ ने नया गांव पेलियो में अपना डेरा डाल दिया। पंजाब की एसटीएफ को सूचना मिली थी कि इस हत्याकाण्ड का सूत्रधार हेमकुण्ड साहिब के दर्शन करने के लिए उत्तराखण्ड आया है। जिसके बाद पंजाब एसटीएफ ने स्थानीय पुलिस की मदद से नया गांव पेलियो पुलिस चौकी के पास बैरियर

◀◀ शेष पृष्ठ 2 पर

## किसान नेता राकेश टिकैत पर हमला, काली स्याही फेंकी

विशेष संवाददाता

बेंगलुरु। एक कार्यक्रम में भाग लेने कर्नाटक गए किसान नेता राकेश टिकैत पर बेंगलुरु में कुछ लोगों ने हमला कर दिया, उनके ऊपर काली स्याही फेंक दी गई जिसके बाद भारी हंगामा खड़ा हो गया और जमकर लात-घूंसे और कुर्सियां चली। इस घटना को लेकर भाकियू नेता और कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है।



❑भाकियू कार्यकर्ताओं में भारी रोष
❑जमकर चले लात, घुंसे और कुर्सिया

जानकारी के अनुसार भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत पर यह हमला उस समय हुआ जब वह बेंगलुरु के गांधी भवन में एक पत्रकार वार्ता में भाग लेने यहां पहुंचे थे। उसी दौरान एक व्यक्ति द्वारा उन पर काली स्याही फेंकी गई। स्याही इतनी ज्यादा थी कि इससे राकेश टिकैत एक बारगी विचलित हो गए। मौके पर मौजूद भाकियू समर्थकों ने स्याही फेंकने वाले को वहीं दबोच लिया और मारपीट शुरू हो गई। देखते ही देखते पत्रकार वार्ता हाल जंग के मैदान में तब्दील हो गया जमकर लात, घुंसे और कुर्सियां चलने लगी। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया। पता चला कि स्याही फेंकने वाला कोडीहल्ली ग्रुप का है तथा यह

◀◀ शेष पृष्ठ 8 पर

## कोरोना के कारण माता-पिता खोने वाले बच्चों को हर महीने 4000 रुपये

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना काल में अनाथ हुए बच्चों को सशक्त बनाने के लिए पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना की शुरुआत की। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन, आप सभी ऐसे कोरोना प्रभावित बच्चों की मुश्किलें कम करने का एक छोटा सा प्रयास है, जिनके माता और पिता, दोनों नहीं रहे। यह इस बात का भी प्रतिबिंब है कि हर देशवासी पूरी संवेदनशीलता से आपके साथ है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैं आपसे पीएम के तौर पर नहीं, आपके परिवार के सदस्य के तौर पर बात कर रहा हूं। मैं जानता हूं कोरोना की वजह से जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके जीवन में आया ये बदलाव कितना मुश्किल है। हर दिन का संघर्ष, हर दिन की तपस्या। आज जो बच्चे हमारे साथ हैं, जिनके लिए ये कार्यक्रम हो रहा है, उनकी तकलीफ शब्दों में कहना मुश्किल है।

पीएम मोदी ने कहा, बच्चे जब स्कूल की पढ़ाई पूरी कर लेंगे तो उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए और रुपयों की जरूरत होगी तो इसके लिए १८ साल से २३ साल तक के युवाओं को हर महीने स्टाइपेंड मिलेगा और जब वो २३ साल के होंगे तब १० लाख रुपए आपको एक साथ मिलेगा। रोजमर्रा की दूसरी जरूरतों के लिए अन्य योजनाओं के माध्यम से उनके लिए ४ हजार रुपए हर महीने की व्यवस्था भी की गई है।

## भारत में एक दिन में कोरोना के 2706 नए केस दर्ज

नई दिल्ली। भारत में पिछले २४ घंटे में कोरोना वायरस के २ हजार से ज्यादा नए केस दर्ज हुए हैं। वहीं इस दौरान २५ नए मरीजों की मौत हुई है। देश में कोरोना के नए मामलों में जारी उतार–चढ़ाव के बीच एक्टिव केस की संख्या भी १७ हजार से ज्यादा बनी हुई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सोमवार सुबह जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत में २४ घंटो में २ हजार ७०६ नए मामले सामने आए हैं। वहीं, इस दौरान २५ मरीजों की मौत हुई। फिलहाल, देश में १७ हजार ६९८ कोविड–१९ संक्रमितों का इलाज जारी है।

मंत्रालय द्वारा जारी अपडेट के अनुसार, नए आंकड़ों को मिलाकर देश में मरीजों की कुल संख्या ४ करोड़ ३१ लाख ५५ हजार ७४९ पर पहुंच गई है। अब तक ५ लाख २४ हजार ६११



मरीज जान गंवा चुके हैं। वहीं देश में एक्टिव केस की संख्या बढ़कर १७,६९८ हो गई है, जो कुल मामलों का ०.०४ प्रतिशत है।

पिछले २४ घंटे में एक्टिव केस की संख्या में ६११ की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर ९८.७४ प्रतिशत है। अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक, दैनिक संक्रमण दर ०.९७ प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर ०.५८ प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल ४,२६,१३,४४० लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड–१९ से मृत्यु दर १.२२ प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड–१९ रोधी टीकों की १९३.३१ करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त २०२० को संक्रमितों की संख्या २० लाख, २३ अगस्त २०२० को ३० लाख और पांच सितंबर २०२० को ४० लाख से अधिक हो गई थी।

संक्रमण के कुल मामले १६ सितंबर २०२० को ५० लाख, २८ सितंबर २०२० को ६० लाख, ११ अक्टूबर २०२० को ७० लाख, २९ अक्टूबर २०२० को ८० लाख और २० नवंबर को ९० लाख के पार चले गए थे। देश में १९ दिसंबर २०२० को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और २३ जून २०२१ को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# सफाई का संदेश

अपने अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य के कारण ही पहाड़ इंसान के आकर्षण का केंद्र रहते हैं। बात चाहे पर्यटन की हो या फिर ट्रैकिंग की और आई स्क्रीनिंग जैसे खेलों की, लाखों-करोड़ों लोग हर साल पहाड़ों का रुख करते हैं। स्वच्छ पर्यावरण के जरिए मानव समाज को प्राणवायु देने वाले पहाड़ और जंगलों की सुरक्षा और संरक्षण का उत्तरदायित्व भी समझना जरूरी है। सवाल यह है कि क्या हम अपने इस उत्तरदायित्व को लेकर सजग हैं? इसका सच जानना है तो चार धाम यात्रा पर जाकर देखा जा सकता है। केदारधाम से लेकर अन्य सभी धामों में चारों ओर कूड़े-कचरे के ढेर देखकर आप हैरान रह जाएंगे। कूड़े-कचरे के ढेरों को देखकर प्रधानमंत्री मोदी हैरान-परेशान हैं और वैज्ञानिक भी चिंतित है क्योंकि हालात इतने गंभीर हैं कि इसके निष्पादन का कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा है। अभी चारधाम यात्रा को शुरू हुए एक माह भी नहीं हुआ है लेकिन यात्रा मार्गों पर सड़क के दोनों ओर गंदगी का इस कदर अंबार लग चुका है कि अब इन रास्तों पर पैदल चल पाना भी श्रद्धालुओं के लिए मुश्किल होता जा रहा है। अभी तक 12 लाख से अधिक यात्री धामों में पहुंच चुके हैं। हर यात्री औसतन चार पांच किलो कचरा इन मार्गो पर छोड़ कर आ रहा है पानी की बोतलें और प्लास्टिक के थैलों से लेकर घोड़े-खच्चरों के सैकड़ों शव यहां पड़े देखे जा सकते हैं। करोड़ों टन कचरे को उठाना और उसका निष्पादन किया जाना कितनी बड़ी समस्या है? इसे सहज समझा जा सकता है। भले ही उन लोगों को जो एक-दो किलो कचरा यहां फेंक कर यह समझते हैं कि इससे क्या फर्क पड़ता है लेकिन समग्र रूप से यह समस्या कितनी बड़ी है इसे खुद यात्रियों को भी समझने की जरूरत है। क्योंकि चार धामों में जो कूड़े-कचरे का अंबार लगा है वह किसी और ने नहीं लगाया है बल्कि चार धाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों ने ही लगाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मन की बात में कल इस पर जो चिंता जताई है उसके मायने समझने की जरूरत हर एक पर्यटक को है। प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तराखंड के जिन तीन लोगों के नाम पर्यावरण की सुरक्षा के लिए काम करने वालों के तौर पर लिए गए हैं वहीं नहीं अन्य तमाम पर्यावरणविद व समाजसेवी इस काम में लगे हैं लेकिन अगर गंदगी फैलाने वाले करोड़ों और लाखों लोगं और साफ-सफाई का ख्याल रखने वाले 100-200 तो ऐसे में भला क्या सफाई रखी जा सकती है। बीते दिनों ओली में एक प्रवासी भारतीय परिवार गुप्ता बंधुओं ने शादी का आयोजन किया था जो वहां कचरा छोड़ कर चलते बने थे यह मामला न्यायालय तक पहुंचा था। क्या यह अच्छा होगा कि चार धाम में कचरा फैलाने वालों को कानूनी तौर पर दंडित करने का प्रावधान किया जाए? अच्छा हो कि चारधाम यात्री यहां कचरा फैलाने की बजाय यात्रा से वापसी के समय कचरा सफाई में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। पहाड़ों पर कचरा अगर इसी गति से जमा होता रहा तो चार धाम यात्रा मार्ग की दुश्वारियां और भी बढ़ जाएगी और 2013 जैसी आपदा का कारण बनेगी। भगवान के धामों को गंदा करके आए, क्या पुण्य कमा रहे हैं यह भी चिंतनीय है।

# एयरपोर्ट के रनवे पर हुए हादसे में एक मजदूर की मौत, एक घायल

हमारे संवाददाता

देहरादून। जौलीग्रांट एयरपोर्ट के रनवे पर देर रात हुए हादसे में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को हिमालयन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी गयी है। जानकारी के अनुसार देर रात करीब ढाई बजे एयरपोर्ट के रनवे पर डंपर और दूसरे भारी वाहनों से एयरपोर्ट मरम्मत के लिए सामान ले जाया जा रहा था। तभी रनवे पर सो रहे दो मजदूर डंपर की चपेट में आ गए। जिसमें एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को हिमालयन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि एयरपोर्ट रनवे पर कुछ दिनों से रात को मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। क्योंकि दिन में विमानों की आवाजाही रहती है। आवाजाही बंद होने के बाद ही जौलीग्रांट एयरपोर्ट के रनवे की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। इस मामले में एयरपोर्ट निदेशक प्रभाकर मिश्रा ने कहा कि जांच जारी है।

## हेमकुण्ड से आ रहे कुछ युवकों से की कड़ी..

पृष्ठ 1 का शेष

लगाकर हेमकुण्ड साहिब से आ रहे युवकों को रोकना शुरू कर दिया जिसपर भी थोडा सा शक हुआ तो उससे कडी पूछताछ की गयी। देर सांय तक पंजाब एसटीएफ ने आधा दर्जन युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। सूत्रों के अनुसार पंजाब एसटीएफ यहां से एक युवक को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गयी है। वहीं स्थानीय पुलिस ने इस बात की पुष्टि नहीं की है। नया गांव पेलियो चौकी प्रभारी विवेक राठी ने फोन पर सम्पर्क करने पर बताया कि पंजाब एसटीएफ यहां आयी थी तथा कुछ लोगों से पूछताछ भी की गयी लेकिन किसी को अपने साथ नहीं ले गयी है। वहीं एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि पंजाब एसटीएफ यहां पर आयी थी तथा पंजाब नम्बर की एक कार को ट्रेक किया गया जिसमें सवार लोगों को पूछताछ के लिए अज्ञात स्थान पर ले गयी है।

# भाजपा राहुल को धन्यवाद दें

वेद प्रताप वैदिक



राहुल गांधी ने लंदन जाकर भारत की राजनीति, सरकार, संघवाद, विदेश मंत्रालय आदि के बारे में जो बातें कहीं, वे नई नहीं हैं लेकिन सवाल यह है कि उन्हें विदेशों में जाकर क्या यह सब बोलना चाहिए? भारत में रहते हुए वे सरकार की निंदा करें, यह बात तो समझ में आती है, क्योंकि वे ऐसा न करें तो विपक्ष का धंधा ही बंद हो जाएगा। भारत का विपक्ष इतना टटपूंजिया हो गया है कि उसके पास निंदा के अलावा कोई धंधा ही नहीं बचा है। उसके पास न कोई विचारधारा है, न सिद्धांत है, न नीति है, न कार्यक्रम है, न जन-आंदोलन के कोई मुद्दे हैं। उसके पास कोई दिखावटी नेता भी नहीं हैं।

जो नेता हैं, वे कालिदास और भवभूति के विदूषकों को भी मात करते हैं। उनकी बातें सुनकर लोग हंसने के अलावा क्या कर सकते हैं? जैसे राहुल गांधी का यह कहना कि भारत-चीन सीमा का विवाद रूस-यूक्रेन युद्ध का रूप भी ले सकता है। ऐसा मजाकिया बयान जो दे दे, उसे कुछ खुशामदी लोग फिर से कांग्रेस-जैसी महान पार्टी का अध्यक्ष बनवा देना चाहते हैं। जो व्यक्ति भारत की तुलना यूक्रेन से कर सकता है, आप अंदाज लगा सकते हैं कि उसके माता-पिता ने उसकी पढ़ाई-लिखाई पर कितना ध्यान दिया होगा?

कोई जरुरी नहीं है कि हर नेता अंतरराष्ट्रीय राजनीति का विशेषज्ञ हो लेकिन वह यदि अखबार भी ध्यान से पढ़ ले और उन्हें न पढ़ सके तो कम से कम टीवी देख लिया करे तो वह ऐसी बेसिर-पैर की बात कहने से बच सकता है। भारतीय राजनीति परिवारवाद और सत्ता के केंद्रीयकरण से ग्रस्त है, इसमें शक नहीं है लेकिन उसका विरोध करने की बजाय राहुल ने भारत को विभिन्न राज्यों का संघ बता दिया। इसका अर्थ क्या हुआ? याने भारत एकात्म राष्ट्र नहीं है। ऐसा कहकर क्या अलगाववाद को प्रोत्साहित नहीं किया जा रहा है?

इसी तरह पाकिस्तान की वर्तमान स्थिति की तुलना भारत से करने की तुक क्या है? भारत में कोई सरकार कभी अपनी फौज के इशारों पर नाची है? यह कहना बिल्कुल गलत है कि भारत के अखबारों और टीवी चौनलों पर भारत सरकार का १०० प्रतिशत कब्जा है। क्या आज भारत में आपात्काल (1975-77) जैसी स्थिति है? जो पत्रकार और अखबार मालिक खुशामदी हैं, वे अपने स्वार्थों की वजह से हैं। जो निष्पक्ष और निर्भीक हैं, उन्हें छूने की हिम्मत किसी की भी नहीं है।

भाजपा सरकार के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री पर घमंडी होने का आरोप भी लगाया जाता रहा है लेकिन यही आरोप तो आज कांग्रेस के नेतृत्व को तबाही की तरफ ले जा रहा है। हमारे विदेश मंत्रालय के अफसरों पर आक्षेप करना भी उचित नहीं है। वे अत्यंत शिष्ट और उचित व्यवहार के लिए सारी दुनिया में जाने जाते हैं। कुछ भाजपा नेताओं ने राहुल के आरोपों का मुंहतोड़ जवाब देने की कोशिश भी की है।

वह तो जरुरी था लेकिन उससे भी ज्यादा जरुरी यह है कि भाजपा अपने भाग्य को सराहे कि उसे राहुल-जैसा विरोधी नेता मिल गया है, जिससे उसको कभी कोई खतरा हो ही नहीं सकता। भाजपा को अगर कभी कोई खतरा हुआ तो वह खुद से ही होगा। भाजपा को चाहिए कि वह राहुल को धन्यवाद दे और उसकी पीठ थपथपाए।

# आर्थिकी भी अपने आप चल रही

हरिशंकर व्यास

ऐसा नहीं है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष की राजनीति स्वचालित मोड में आ गई है तो सरकार खुल कर और जम कर काम कर रही है। सरकार का काम भी स्वचालित मोड में चल रहा है। देश की अर्थव्यवस्था चार साल से ढलान पर है। लुढ़कती ही जा रही है। सबको पता है कि उसको लुढ़कने से रोकने के लिए आगे से ज्यादा बड़ा बल लगाना होगा लेकिन उसकी जरूरत महसूस नहीं हो रही है क्योंकि अर्थव्यवस्था किसी भी हालत में हो उससे आम आदमी बेपरवाह है। उसे मध्यकालीन भारत में हुई गलतियों को सुधारने के काम में ज्यादा दिलचस्पी पैदा हो गई है। वैसे भी उसको पांच किलो अनाज, एक किलो दाल और कहीं कहीं एक किलो तेल, नमक भी मिल रहा है। इसके अलावा किसान सम्मान निधि के तौर पर पांच सौ रुपए हर महीने मिल रहे हैं। आवास और शौचालय के लिए भी पैसे मिल रहे हैं और महिलाओं को भी हजार रुपए महीना मिल रहा है। इसलिए उनको क्यों अर्थव्यवस्था के बारे में सोचने की जरूरत है? उनको आंकड़ों पर कोई यकीन नहीं है क्योंकि वे मान रहे हैं कि अर्थव्यवस्था अच्छी होगी तभी सरकार गरीब कल्याण की इतनी बड़ी योजनाएं चला रही है।

सोचें, चार साल अर्थव्यवस्था में क्या बदला है या क्या सुधार हुआ है? नोटबंदी के असर में २०18 की पहली तिमाही से अर्थव्यवस्था में जो गिरावट का दौर शुरू हुआ वह अब तक जारी है। दो साल कोरोना महामारी के बीच अर्थव्यवस्था की गिरावट ऐतिहासिक थी। लेकिन उसके बाद भी सुधार वैसा नहीं है, जिसकी उम्मीद की जा रही थी। पिछले चार साल आर्थिक खबरों की सुर्खियां लगभग एक जैसी हैं। विकास दर में गिरावट, थोक व खुदरा महंगाई की दर में रिकॉर्ड बढ़ोतरी, पेट्रोल-डीजल-सीएनजी-पीएनजी-रसोई गैस की कीमतों



में रिकॉर्ड बढ़ोतरी, रुपए की कीमत में ऐतिहासिक गिरावट, बेरोजगारी दर 45 साल के सर्वोच्च स्तर पर आदि आदि। इसके बरक्स दूसरी सुर्खियां भी बदस्तूर हैं, जैसे जीएसटी की वसूली रिकॉर्ड ऊंचाई पर, पेट्रोल-डीजल पर लगने वाला उत्पाद शुल्क रिकॉर्ड ऊंचाई पर और अनुमान से ज्यादा आयकर जमा हुआ। यानी एक तरफ कर वसूली से सरकार की कमाई बढ़ रही है और दूसरी ओर तमाम पैमानों पर अर्थव्यवस्था रसातल की ओर जाती हुई। इस स्थिति में सुधार के लिए कहीं भी कोई सार्थक या सकारात्मक दखल दिखाई नहीं दिया। ऐसा लग रहा है कि जैसा चल रहा है वह किसी योजना के तहत चल रहा है। क्योंकि अगर इसके पीछे कोई योजना नहीं होती तो हर पैमाने पर आर्थिकी में गिरावट से सरकार घबराहट में रहती। लेकिन सरकार के घबराहट में होने का कोई लक्षण नहीं दिख रहा है। और तय माने यह ऑटो मोड बहुत लंबा चलेगा और जो होगा उसका भगवान मालिक।

इन्धे राजा समर्यो नमोभिर्यस्य प्रतीकमाहुतं घृतेन।
नरो हव्येभिरीळते सबाध आग्निरग्र उषसामशोचि।।
(ऋग्वेद ७-८-१)

जीवन की ज्योति अग्नि को अग्रणी मनुष्य सदा श्रद्धा और सत्य से प्रज्वलित कर, जीवन के संघर्ष में विजयी होने के लिए तैयार करते हैं। यज्ञनिक आहुतियां द्वारा इस को ओर अधिक बल प्रदान करते हैं। जिस प्रकार सूर्य प्रकाश लेकर आता है उसी प्रकार यह ज्योति अज्ञानता के अंधकार को समाप्त कर जीवन में प्रकाश लाती है।

Leading human beings always ignite the Jyoti of life with faith and truth, preparing it for victory in the struggle of life. It is further strengthened by the Yajanic offerings. Just as the sun brings light, this Jyoti brings light to life by dispelling the darkness of ignorance.
(Rig Veda 7-8-1)

# सहस्त्रधारा अस्थल ग्राम पंचायत में चलाया सफाई अभियान




कार्यालय संवाददाता

देहरादून। रविवार की सुबह सहस्रधारा अस्थल ग्राम पंचायत में गांव के निवासी, वेस्ट वोरियर्स संस्था एवम एल आई सी एच एफ एल की पहल पर स्वच्छता अभियान चलाया गया है।

आज के इस सफाई अभियान मे गांव के युवाओं ने भागीदारी दिखाई और अपने नदी के क्षेत्र के आसपास प्लास्टिक के कचरे को इकट्ठा किया और साथ ही आसपास यहां संदेश दिया कि नदी के आसपास सफाई व्यवस्था बनाए रखें । कचरे को नियमित गाड़ी को ही दें, घरों से निकलने वाला कचरा अगर घर पर ही अलग कर दिया जाए तो उसका सही निस्तारण आसानी से हो सकता है ।ग्राम प्रधान–श्रीमती आरती खन्ना ने अपने ग्राम वासियों से यह अपील की है कि गांव को स्वच्छ रखने में अपनी भागीदारी दिखाएं।

वेस्ट वारियर्स की सहायता से सफाई अभियान में इकट्ठे कचरे को वहां से देहरादून के हररावाला स्वच्छता सेंटर में पहुंचाया जाएगा।

इस मौके पर ग्राम प्रधान श्रीमती आरती खन्ना व उनके सहयोगी श्री जयदीप खन्ना,धन सिंह, प्रदीप, रावत ,रूपेश कुल्हान,अरुण मौजूद रहे और वेस्ट वॉरियर्स से असलम खान, आकाश मलिक राजवंश आदि मौजूद रहे।

# छात्रों को दी जाने वाली धनराशि बढ़ाने का प्रस्ताव भेजें

नैनीताल (आरएनएस)। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष अरुण हालदार ने रविवार को नैनीताल में डीएम धीराज गर्ब्याल, एसएसपी पंकज भट्ट एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण विभाग की ओर से अनुसूचित जाति जनजाति के छात्रों को दी जाने वाली धनराशि काफी कम है, जिसे बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा जाना चाहिए। बैठक में हालदार ने निर्देश दिए कि समस्त विभागों में अनुसूचित जाति जनजाति के विकास में खर्च होने वाली धनराशि की भी जांच की जाए। यह सुनिश्चित हो कि तय अनुपात में बजट का खर्च अनुसूचित जाति के विकास में हो रहा है या नहीं। जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने बताया कि अनुसूचित जाति जनजाति के कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों के लिए 6 एवं कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों के लिए 96 रुपये वार्षिक स्कॉलरशिप विभाग द्वारा दी जाती है। इसे बढ़ाने का प्रस्ताव सरकार को भेजने के साथ आयोग को भी भेजा जाएगा। साथ ही बताया कि प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत 39 अनुसूचित जाति बाहुल्य गांव चयनित किए गए हैं। इनमें से 37 गांव में जिला स्तरीय समिति द्वारा ग्राम विकास योजना अनुमोदित की जा चुकी है।

# सहज योग कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को हुई आत्म साक्षात्कार की अनुभूति

देहरादून (कास)। पिछले दिनों प्रेम नगर, दुर्गा माता मंदिर में सहज योग के पब्लिक प्रोग्राम में कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्म साक्षात्कार की अनुभूति कराई गई ।

सहज योग की संस्थापिका माताजी निर्मला देवी के कहे हुए वचन कुण्डलिनी वो वीणा है जिस पर परमात्मा अपना प्रेम, संगीत बजाते हैं। यह वह सीढ़ी है जिस पर चढ़ कर साधक दहलीज को पार करके अगाध अचेतन में प्रवेश करता है। यह वह छलांग–पट्ट है, जो व्यक्ति को स्वतंत्रता, शांति और आशीष के सागर में उंची उड़ान लेने में सहायता करता है।

युगों पूर्व दिये गये वचन के अनुसार सर्वशक्तिमान परमात्मा के साम्राज्य में निवास तक पहुंचने में कुण्डलिनी एक माध्यम है।'

उपरोक्त पंक्तियां श्री माताजी निर्मला देवी द्वारा बताई गई एवं हम सब को उनके द्वारा इस कथन से अनुभूति कराई गई सभी जन जो वहां उपस्थित थे, आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करके श्री माताजी निर्मला देवी के कृतज्ञ हुए एवं आत्म साक्षात द्वारा धन्य हुए।

यह कार्यक्रम करीब २ घंटे चला इसी तरह से प्रतिदिन जगह–जगह कार्यक्रम किए जाएंगे जिसमें नेहरू कॉलोनी डोईवाला जगह भी कवर की जाएंगी। इस अवसर पर वरिष्ठ सहयोगियों, वहां उपस्थित लोगों को आत्म साक्षात्कार की अनुभूति हुई। एवं बहुत सारे सहयोगियों ने अपनी उपस्थिति देकर इस कार्यक्रम को सार्थक होने में पूर्ण योगदान दिया। इस तरह से जगह–जगह पर कार्य करके सहयोग का प्रचार प्रसार किया जाएगा।

# राजभवन की कार्यप्रणाली के खिलाफ मोर्चा ने भरी हुंकार

नगर संवाददाता

विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा कार्यकर्ताओं ने मोर्चा अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी के नेतृत्व में आज तहसील घेराव व प्रदर्शन कर राजभवन की कार्यशैली एवं सिर्फ पुष्पगुच्छ आदान–प्रदान करने के खिलाफ आक्रोश प्रकट कर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी, विकासनगर की गैर मौजूदगी में तहसीलदार महावीर सिंह रांगड़ को सौंपा है।

ज्ञापन के माध्यम से नेगी ने कहा है कि प्रदेश भ्रष्टाचार एवं तमाम अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ चुका है तथा भ्रष्टाचार के नित नये आयाम स्थापित हो रहे हैं, लेकिन राजभवन इस पर स्वतः संज्ञान लेने के बजाय सिर्फ पुष्पगुच्छ आदान–प्रदान करने में समय जाया कर रहा है।

उन्होने कहा कि हाल ही में प्रदेश के वनों में भयंकर आग लगी, जिस कारण लगभग 1500 हेक्टेयर वन सम्पदा खाक हो गयी तथा अनगिनत बेजुबान पशु–पक्षी अकाल मौत का ग्रास बन गये, लेकिन राजभवन खामोशी से तमाशा देखता रहा। इसके अतिरिक्त प्रदेश के अधिकारियों एवं नेताओं के गठजोड़ के चलते प्रदेश भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है। कहा कि अव्यवस्थाओं का आलम यह है कि कार्यालयों में अधिकारी समय पर नहीं



आते, पत्रावलियों एक पटल पर पड़े–पड़े दम तोड़ रहीं हैं। नियुक्तियों में जबरदस्त फर्जीवाड़ा हो रहा है, भ्रष्ट अधिकारियों को संरक्षण एवं ईमानदार अधिकारियों को हाशिये पर डाला जा रहा है, दिन दहाड़े लूट हत्यायें हो रही है, लेकिन राजभवन मूकदर्शक बना हुआ है। भ्रष्ट एवं दागी अधिकारियों से मोटी डील कर मनमाफिक नियुक्तियां दी जा रही है।

नेगी ने कहा कि राजभवन को प्रेषित भ्रष्टाचार एवं अन्य ज्वलंत मुद्दों से सम्बन्धित ज्ञापनों पर राजभवन द्वारा सिर्फ रस्म अदायगी की जाती है, कभी भी गम्भीरता से उन पर ध्यान केन्द्रित नहीं किया जाता।

उन्होने कहा कि जनसंघर्ष मोर्चा द्वारा नवम्बर 2021 को राजभवन को पत्र प्रेषित कर अपनी कार्यशैली में सुधार लाने एवं सरकार पर चाबुक चलाने का आग्रह किया गया था, लेकिन स्थिति जस–की–तस है। मोर्चा ने चेतावनी दी है कि अगर राजभवन ने अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं किया तो मोर्चा आमरण अनशन करेगा। इस दौरान मोर्चा महासचिव आकाश पंवार, दिलबाग सिंह, विजयराम शर्मा, ओ.पी. राणा, के.सी. चंदेल, प्रवीण शर्मा, अकरम सलमानी, अमित जैन, गजपाल रावत सहित कई लोग मौजूद रहे।

## शराब के साथ एक गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने शराब के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन सीज कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रायवाला थाना पुलिस ने ओवर ब्रिज के पास एक मोटरसाईकिल सवार को चैकिंग के दौरान रूकने का इशारा किया तो वह मोटरसाईकिल को तेजी से भगा ले गया। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से एक पेटी शराब बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम आवेश राजपूत पुत्र किशन राजपूत निवासी रायवाला बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## गांजे के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने गांजे के साथ दो लोगो को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सहसपुर थाना पुलिस ने शीतला नदी के पुल के पास एक कार को रूकने का इशारा किया। कार चालक कार को तेजी से भगा ले गया। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर घेरकर रोक लिया। कार में सवार दो लोगों को हिरासत में तलाशी ली गयी तो पुलिस ने कार से चार किलो गांजा बरामद कर लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम सुरेन्द्र नाथ पुत्र भोले नाथ निवासी बंजारा बस्ती सहसपुर व अक्षय पुत्र सत्ता निवासी बंजारा बस्ती चोरखाला बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया।

# अधिशासी अधिकारी के पदभार ना सम्भालने से विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैंः धीमान



संवाददाता

देहरादून। अधिवक्ता व सभासद मनीष कुमार धीमान ने कबीना मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि नगर पालिका परिषद में स्थानान्तरित होकर आये अधिशासी अधिकारी द्वारा अपना कार्यभार ग्रहण ना करने से नगर पालिका के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

आज यहां सभासद मनीष धीमान ने क्षेत्रीय सभासदों के साथ लेकर कबीना मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल से उनके ऋषिकेश स्थित निवास स्थान पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कबीना मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व नगर पालिका परिषद डोईवाला में कार्यरत अधिशासी अधिकारी बद्री प्रसाद भटट का स्थानान्तरण अन्यत्र स्थान पर होने के साथ ही अधिशासी अधिकारी उत्तम सिंह नेगी का स्थानान्तरण नगर पालिका परिषद डोईवाला में किया गया है। किन्तु उपरोक्त स्थानान्तरण आदेश का आज तक पालन नहीं किया गया जिससे नगर पालिका परिषद में नवनियुक्त अधिशासी अधिकारी उत्तम सिंह नेगी द्वारा कार्यभार ग्रहण ना हो पाने की दशा में क्षेत्र के आवश्यक कार्य व विकास कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद में व्याप्त समस्याओं एवं आवश्यक कार्यो के निर्वाहन हेतु नवनियुक्त अधिशासी अधिकारी को तत्काल प्रभाव से नियुक्त किया जाना स्थानीय जनता के हित में अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कबीना मंत्री से मांग की है कि अधिशासी अधिकारी को तत्काल पदभार ग्रहण कर ने व पालिका क्षेत्र में लम्बित कार्यो का निर्वाहन करने के आदेश पारित किये जायें। ज्ञापन देने वालों मे सभासद गौरव मल्होत्रा, बलविंदर सिंह, अब्दुल कादिर, शिवानी लोधी, तौफीक अली, नागेन्द्र लोधी व भारत भूषण आदि शामिल थे।

# पैरों की खूबसूरती बढ़ा सकते हैं स्क्रब

चेहरे को निखारने के लिए लोग न जाने क्या कुछ नहीं करते हैं, लेकिन वे शरीर के अन्य अंगों पर ध्यान देना भूल जाते हैं, खासकर पैरों की सफाई को नजरअंदाज कर देते हैं। ऐसे में पैरों पर डेड स्किन सेल्स जमने या फिर कालेपन की समस्या हो सकती है। हालांकि, आप चाहें तो कुछ होममेड स्क्रब का इस्तेमाल करके अपने पैरों को खूबसूरत बना सकते हैं। चलिए फिर इन्हें बनाने और इस्तेमाल करने का तरीका जानते हैं।

एप्सम सॉल्ट और नारियल के तेल का फुट स्क्रब : एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर नारियल का तेल पैरों को मॉइश्चराइज और पोषण प्रदान करने में सहायक है, जबकि एप्सम सॉल्ट डेड स्किन सेल्स को हटाता है। बनाने और इस्तेमाल करने का तरीकारू सबसे पहले एक कटोरी में एप्सम सॉल्ट और नारियल का तेल मिलाएं, फिर इसमें किसी भी एसेंशियल ऑयल की तीन-चार बूंदें और विटामिन-ई ऑयल मिलाएं। इसके बाद गीले पैरों पर इस मिश्रण से 20 मिनट तक स्क्रब करने के बाद उन्हें पानी से धो लें।

कॉफी और ब्राउन शुगर का फुट स्क्रब : कॉफी और ब्राउन शुगर का फुट स्क्रब पैरों को डेड स्किन सेल्स और कालेपन से छुटकारा दिलाने के साथ-साथ इन्हें कोमल और मुलायम बनाने में काफी मदद कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, यह आपके पैरों के ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाने में भी मदद करता है। बनाने और इस्तेमाल करने का तरीकारू थोड़ा नारियल तेल गर्म करें, फिर उसमें पिसी हुई कॉफी और ब्राउन शुगर मिलाएं। अब इस मिश्रण का इस्तेमाल पैरों पर बतौर स्क्रब करें।

शहद और नींबू का फुट स्क्रब : यह शहद और नींबू का फुट स्क्रब आपके पैरों को एक्सफोलिएट और मॉइश्चराइज करेगा और कुछ ही समय में इनकी समान रंगत को भी ठीक कर देगा। बनाने और इस्तेमाल करने का तरीकारू पहले एक कटोरी में एप्सम सॉल्ट, नारियल का तेल और चीनी मिलाएं, फिर इसमें थोड़ा शहद और ताजा नींबू का रस मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने पैरों पर लगाएं और धोने से पहले कुछ मिनट के लिए हल्के हाथों से पैरों की मसाज करें।

# आलू से बनाएं ये लजीज व्यंजन, आसान है रेसिपी

अगर आपको आलू से बने व्यंजनों का सेवन करना पसंद है तो यकीनन आप इससे तरह-तरह की रेसिपी को ट्राई करना भी काफी पसंद करेंगे। आइए आज हम आपको आलू से बनाए जाने वाले कुछ व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं, जिन्हें आप सिर्फ 30 से 45 मिनट में इन्हें तैयार कर सकते हैं। वहीं, इन्हें आप अपने मेहमानों के लिए चाय-कॉफी या फिर सॉफ्ट ड्रिंक के साथ परोस सकते हैं।

स्पाइरल आलू : सबसे पहले आलू को एक बड़ी तीली में डालें, फिर आली को गोल-गोल करके स्पाइरल के आकार में पतला काटें। इसी तरह तीन से चार आलू को तैयार कर लें। इसके बाद सभी स्पाइरल आलू को कढ़ाई में गोल्डन ब्राउन होने तक तल लें। इसके बाद एक कटोरी में लाल मिर्च का पाउडर, थोड़ा सा औरिगैनो और स्वादानुसार नमक डालकर अच्छे से मिलाएं, फिर इस मसाले को स्पाइरल आलुओं के ऊपर छिड़ककर उनका स्वाद लें।

ट्वाइस बेक्ड पोटैटो कैसरोल

घर पर ट्वाइस बेक्ड पोटैटो कैसरोल बनाने के लिए सबसे पहले आवश्यकतानुसार आलू लें, फिर उन्हें साफपानी में अच्छे से धो लें। अब सभी आलुओं को एक मिनट के लिए माइक्रोवेव में गर्म कर लें ताकि आलू थोड़े नरम हो जाएंगे, फिर आलुओं को माइक्रोवेव से निकालकर छीलें। इसके बाद एक कटोरे में आलू को मैश करके डालें, फिर इसमें मक्खन, चीज, दूध, हरी प्याज और सॉर क्रीम मिलाकर इस मिश्रण को बेक करें, फिर इसका सेवन करें।

फ्राइड मैश पोटैटो बॉल्स

फ्राइड मैश्ड पोटैटो बॉल्स बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरे में उबले हुए आलू को मैश करके डालें, फिर इसमें पका हुआ बेकन और चेडर चिप्स मिलाएं। इसके बाद कटोरे में थोड़ा गार्लिक पाउडर, स्वादानुसार नमक और एक चुटकी काली मिर्च पाउडर मिलाएं। अब इस मिश्रण की छोटी-छोटी बॉल्स बनाकर उन्हें कढ़ाई में गोल्डन ब्राउन करने तक तल लें, फिर तैयार फ्राइड मैश पोटैटो बॉल्स को हरी चटनी के साथ खाएं।

इंस्टेंट पॉट पोटैटो सूप

घर पर इंस्टेंट पॉट पोटैटो सूप बनाना काफी आसान है। इसके लिए पहले एक इंस्टेंट पॉट में मक्खन डालें, फिर इसमें बारीक प्याज, लहसुन और कुछ करी पत्ते डालें। इसके बाद इंस्टेंट पॉट में थोड़े उबले आलू और चिकन शोरबा डालकर इसे 8-10 मिनट के लिए पकाएं। अब दूध, मलाई और कॉर्नस्टार्च का घोल बनाएं, फिर इसे इंस्टेंट पॉट में डालकर पांच मिनट पकाएं, फिर सूप में स्वादानुसार नमक और एक चुटकी काली मिर्च का पाउडर मिलाकर इसका सेवन करें।

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

-प्रबंधक विज्ञापन

# होंठों से लेकर एड़ियों तक में चमक लाएगा खरबूजा



खरबूजा एक ऐसा फल है जो गर्मी के दिनों में खूब पसंद किया जाता है। खरबूजा उन फलों में से है, जो टेस्टी होने के साथ शरीर को हाइड्रेट रखने का काम करता है। ऐसे में आप खरबूजे को कई तरह से इस्तेमाल कर सकते हैं। जी दरअसल इसमें शरीर को हेल्दी रखने वाले पोषक तत्व जैसे विटामिन ए, बी 6, सी व अन्य कई पाए जाते है। हालाँकि क्या आप जानते हैं कि इसके कई ब्यूटी बेनिफिट्स भी हैं। आज हम आपको उन्ही के बारे में बताने जा रहे हैं।

क्लींजर के रूप में- गर्मी हो या सर्दी अगर बॉडी में विटामिन सी की कमी हो, तो स्किन पर डार्कनेस आने लगती है। ऐसे में आप इसकी कमी खरबूजे से पूरी कर सकते हैं। खरबूजे को क्लींजर की तरह यूज करें। इसके लिए एक बर्तन लें और इसमें खरबूजे को मैश कर लें। अब इसे हाथों से चेहरे पर अप्लाई करें और धीरे-धीरे इसकी मसाज करें। आप हफ्ते में करीब दो बार ऐसा करें।

फेस टोनर- आप खरबूजे और गुलाब जल से बनने वाले टोनर को अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल कर सकते हैं हैं। जी हाँ और इसके लिए एक बर्तन में खरबूजे का रस निकालें और इसमें थोड़ा गुलाब जल मिला लें। रात में सोने से पहले इसे स्किन पर स्प्रे करें।

लिप स्क्रब- खरबूजा होंठों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए अच्छा है। इसके लिए एक बर्तन लें और इसमें खरबूजा मैश कर लें और अब इसमें थोड़ा सा ग्लिसरीन मिलाएं और इसे होंठों पर लगाएं। कुछ देर इसकी मसाज करने के बाद इसे सूखने के लिए छोड़ दें। अब कॉटन की मदद से होंठों को साफकर लें।

एड़ियां- फटी हुई एड़ियों को सॉफ्ट एवं चमकदार बनाने के लिए खरबूजे को मैश करें और इसमें पीसा हुआ ओट्स डालें। अब हल्के हाथों से इसकी एड़ियों पर स्क्रब करें।

# स्कर्वी की समस्या से राहत दिलाने में सहायक हैं ये घरेलू नुस्खे

स्कर्वी की समस्या होने का मुख्य कारण शरीर में विटामिन-सी की कमी को माना जाता है। इससे ग्रस्त व्यक्ति को मसूड़ों में सूजन, मसूड़ों से खून निकलना और दांतों का कमजोर होना आदि दिक्कतें भी होने लगती हैं। अगर समय रहते इसका इलाज न किया जाए तो यह गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती है। आइए आज कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में जानते हैं, जिन्हें अपनाकर आप इस समस्या से कुछ हद तक राहत पा सकते हैं।

नींबू पानी में शहद मिलाकर पिएं

नींबू पानी का सेवन न सिर्फशरीर को ठंडक प्रदान करता है बल्कि यह स्कर्वी के प्रभाव को कम करने में भी सहायक है। इसका मुख्य कारण यह है कि नींबू पानी में विटामिन-सी और कई ऐसे गुण मौजूद होते हैं, जो विटामिन-सी की कमी को दूर करके स्कर्वी की समस्या से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं। समस्या से राहत के लिए रोजाना एक गिलास नींबू पानी में शहद मिलाकर पिएं।

डाइट में शामिल करें कीवी

स्कर्वी से राहत दिलाने में कीवी का सेवन भी फायदेमंद हो सकता है क्योंकि यह भी विटामिन-सी का अच्छा स्रोत है। इसके अलावा, यह कई अन्य औषधीय गुणों से भी समृद्ध होती है। इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-हाइपरटेंसिव और एंटी-थ्रोम्बोटिक गुणों के साथ-साथ पोटैशियम, कैल्शियम और फाइबर आदि पोषक तत्व भी मौजूद होते हैं। इसलिए स्कर्वी से ग्रस्त लोग अपनी डाइट में कीवी को जरूर शामिल करें। यकीनन इससे आपको फायदा होगा।

खाने में थाइम का करें इस्तेमाल

थाइम एक तरह की हर्ब है, जिसका इस्तेमाल न सिर्फखाने में बल्कि स्कर्वी के प्रभाव को कम करने समेत ब्लड प्रेशर को बेहतर तरीके से संचालित करने और रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाए रखने के लिए किया जा सकता है। इसका मुख्य कारण यह है कि थाइम विटामिन-सी समेत कैल्शियम, आयरन, फाइबर और मैग्नीशियम जैसे जरूरी पोषक तत्वों से समृद्ध होती है। बता दें कि 100 ग्राम थाइम में लगभग 160.1 मिलीग्राम विटामिन-सी मौजूद होता है।

टमाटर के जूस का करें सेवन

टमाटर में अच्छी खासी मात्रा में विटामिन-सी मौजूद होती है, इसलिए इसके जूस का सेवन भी शरीर में विटामिन-सी की कमी को दूर करके स्कर्वी से राहत दिला सकता है।

## शब्द सामर्थ्य -084

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | ■ | 3 | | |
| | ■ | | ■ | 4 | 5 | | ■ | ■ |
| 6 | 7 | | 8 | ■ | | ■ | ■ | 9 |
| ■ | 10 | | | ■ | 11 | 12 | 13 | |
| ■ | 14 | | ■ | 15 | | | | |
| 16 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| 17 | | | 18 | | ■ | 19 | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 20 | ■ | ■ | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 083 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

# टाइगर श्रॉफकी फिल्म हीरोपंती 2 ओटीटी पर रिलीज

बॉलीवुड की एक्शन फिल्म हीरोपंती 2 जिसमें मुख्य कलाकारों की भूमिका में टाइगर श्रॉफ, तारा सुतारिया और नवाजुद्दीन सिद्दीकी नजर आए थे। अब फिल्म ओटीटी पर रिलीज होने के लिए तैयार है। इस फिल्म में बबूल जो जिसका किरदार टाइगर निभा रहें हैं वो एक कंप्यूटर प्रतिभाशाली है और इनाया जिसका किरदार तारा निभा रही हैं जो कि स्व-निर्मित अरबपति है। दोनों प्यार में पड़ जाते हैं लेकिन अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण, वे अचानक अलग हो जाते हैं। चीजें एक दिलचस्प मोड़ लेती हैं जब वे फिर से जुड़ जाते हैं। इसके बाद फिल्म में एक्शन, ड्रामा, रोमांस और रोमांच देखने को मिलता है। फिल्म 27 मई को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई। प्राइम वीडियो पर स्ट्रीमिंग प्रीमियर के बारे में बात करते हुए, टाइगर श्रॉफने लिखा है, हीरोपंती 2 एक पूर्ण मनोरंजन है और मुझे अमेजॅन पर फिल्म के डिजिटल प्रीमियर की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। प्राइम वीडियो, हमें दुनिया भर के फिल्म प्रेमियों तक पहुंचने में मदद करता है।

ढेर सारे एक्शन, रोमांस और ट्विस्ट और टर्न से भरपूर फिल्म का दर्शक आनंद लेंगे।उन्होंने आगे लिखा है , इस फिल्म पर काम करने में मुझे बहुत अच्छा समय लगा है, विशेष रूप से एक्शन दृश्यों और मैं रोमांचित हूं कि दुनिया भर में मेरे प्रशंसक अब अपने घरों में आराम से फिल्म का आनंद ले सकते हैं।तारा सुतारिया ने लिखा है, हीरोपंती 2 में एक्शन, ड्रामा, रोमांस और कॉमेडी का भार है जो मुझे उम्मीद है कि हमारे दर्शकों को पसंद आएगी। हमने दुनिया के कई देशों में फिल्म बनाई और इसे महामारी के माध्यम से शूट किया जो एक ऐसा अनूठा अनुभव था। हम सभी के लिए। वहीं फिल्म की बात करें तो, फिल्म जिसमें अमृता सिंह और जाकिर हुसैन भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। अहमद खान द्वारा निर्देशित और नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के बैनर तले साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित है।

# अगली फिल्म में एक अद्भुत भूमिका निभाते नजर आएंगे साउथ एक्टर पवन कल्याण

तेलुगू फिल्मों के जाने माने डायरेक्टर हरीश शंकर, जो अभिनेता पवन कल्याण के साथ अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म भावदेयुडु भगत सिंह की शुरूआत करने के लिए तैयार हैं।

डायरेक्टर हरीश शंकर ने हाल ही में अपनी आगामी फिल्म में पवन कल्याण की भूमिका के बारे में पत्रकारों को जानकारी दी। इससे सामने आया है कि इस फिल्म में, पवन कल्याण पहली बार लेक्च रर की भूमिका निभा रहे हैं।डायरेक्टर हरीश शंकर कहा, यह बेहद सफल व्यावसायिक मनोरंजक फिल्म होगी। फिल्म की शूटिंग अगस्त में शुरू होगी और इसकी शूटिंग हैदराबाद में होगी।हरीश शंकर ने आगे कहा है, एक सीक्वेंस की शूटिंग ऊटी, एक हिल स्टेशन में की जाएगी। यह मौसम पर भी निर्भर करता है।गब्बर सिंह जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म के बाद, हरीश शंकर के साथ पवन कल्याण का यह दूसरा प्रोजेक्ट होगा। फिल्म का निर्माण मैत्री मूवी मेकर्स ने किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पवन कल्याण आंध्र प्रदेश चुनाव से पहले अपनी आने वाली सभी फिल्मों को खत्म करने की जल्दी में हैं, क्योंकि वह अपने राजनीतिक करियर पर ध्यान देना चाहते हैं।

# केजीएफ 2 के मेकर्स ने प्रशांत नील की स्क्रिप्ट के साथ शुरू की नई फिल्म की शूटिंग

बहुचर्चित फिल्म केजीएफ 2 की अपार सफलता के बाद, इसके निर्माताओं ने अपना अगली फिल्म बघीरा को लॉन्च कर दिया है। इस फिल्म का मुहूर्त बेंगलुरु में हुआ है, फिल्म उग्राम स्टार श्री मुरली और केजीएफके निर्देशक प्रशांत नील की वापसी कर रहे हैं।

प्रशांत नील ने फिल्म उग्राम का निर्देशन किया था अब वह फिल्म वहीं वह बघीरा की कहानी लिख रहे हैं। बघीरा प्रोडक्शन हाउस की एक और नई एक्शन थ्रिलर फिल्म बनने जा रही है, जो कि बड़े बजट वाली फिल्म होगी। ये फिल्म बघीरा अगले साल रिलीज होगी। डॉ. सूरी द्वारा निर्देशित फिल्म की बड़े पैमाने पर शूटिंग कर्नाटक और हैदराबाद में की जाएगी, जिसमें प्रमुख शूटिंग बेंगलुरु के बाहरी इलाके और मैसूर क्षेत्र में होगी।

श्री मुरली के जन्मदिन के अवसर पर, बघीरा का फर्स्ट लुक पोस्टर दिसंबर 2020 में जारी किया गया था, जिसमें अभिनेता गुस्से में अवतार में थे। होम्बले फिल्म्स के निमार्ताओं द्वारा फिल्म की अंतिम स्टार कास्ट का खुलासा किया जाना बाकी है। प्रोडक्शन हाउस इस साल कई बड़ी टिकट घोषणाओं के साथ रोल पर रहा है। सूररई पोटरु की निर्देशक सुधा कोंगरा को भी हाल ही में उनके द्वारा एक प्रमुख परियोजना के लिए चुना गया था, साथ ही वे पुनीत राजकुमार के भतीजे युवा राजकुमार को एक अन्य फिल्म में लॉन्च कर रहे हैं। कांतारा और राघवेंद्र स्टोर्स अन्य दो आगामी फिल्में हैं जो होम्बले बैनर के तहत रिलीज होंगी। केजीएफ चैप्टर 2 की अखिल भारतीय सफलता के बाद, होम्बले फिल्म्स उन परियोजनाओं को बनाने पर केंद्रित है जिन्हें राष्ट्रीय स्तर पर रिलीज किया जा सकता है। इसके अलावा साउथ सुपरस्टार प्रभास के साथ आगामी फिल्म सालार भी पांच भाषाओं में रिलीज होगी।

# सनी देओल के बेटे राजवीर के साथ डेब्यू करेंगी पूनम ढिल्लों की बेटी पलोमा





पूनम ढिल्लों अपने जमाने की मशहूर अदाकारा रही हैं। रूपहले पर्दे से दूर चले जाने के बाद भी उनकी लोकप्रियता में कमी नहीं आई है। बाकी स्टारकिड्स की तरह उनकी बेटी पलोमा भी बॉलीवुड की राह पकड़ने वाली हैं। वह सनी देओल के बेटे और अभिनेता राजवीर देओल के साथ फिल्मों में अपना डेब्यू करेंगी। वह अपने करियर की शुरुआत राजश्री प्रोडक्शन के साथ करने वाली हैं। फिल्म का निर्माण राजश्री प्रोडक्शन ही करेगी।

पूनम ने ट्विटर पर प्रशंसकों के साथ खुशखबरी शेयर की है। उन्होंने राजश्री प्रोडक्शन के पोस्टर को शेयर करते हुए अपने ट्वीट में लिखा, बहुत खुश हूं कि मेरी बेटी की लॉन्चिंग राजश्री जैसे बैनर के साथ हो रही है, जिसकी फिल्में मैंने हमेशा पसंद की हैं। राजश्री की सत्यनिष्ठा और सफलता जगजाहिर है। दुर्भाग्य से मुझे कभी इस बैनर के साथ काम करने का मौका नहीं मिला, हालांकि तारा चंद जी और मैं एक प्रोजेक्ट के लिए मिले थे।

यह फिल्म प्रसिद्ध निर्माता सूरज बडज़ात्या के बेटे अवनीश एस बडज़ात्या के निर्देशन में बनने वाली पहली फिल्म है। फिलहाल इसका शीर्षक निर्धारित नहीं किया गया है। यह 59वीं फिल्म होगी, जिसका निर्माण राजश्री प्रोडक्शन कर रही है। इस साल जुलाई में इसकी शूटिंग मुंबई में शुरू होगी। राजश्री जैसे बड़े प्रोडक्शन बैनर के साथ पलोमा की लॉन्चिंग बेहद खास है। अब देखना है कि पलोमा दर्शकों को लुभा पाती हैं या नहीं। राजश्री प्रोडक्शन ने अब तक कई सफल फिल्में दी हैं। इनमें हम आपके हैं कौन, मैंने प्यार किया, हम साथ साथ हैं और साल 2006 में आई अमृता राव की ब्लॉकबस्टर फिल्म विवाह शामिल है। रिपोर्ट की मानें तो यह फिल्म आज के दौर की प्रेम कहानी पर आधारित होगी। इसमें प्यार के रिश्तों और उनकी जटिलताओं को पर्दे पर दिखाया जाएगा। फिल्म में पलोमा को फीमेल लीड अभिनेत्री के तौर पर कास्ट किया गया है। राजवीर और पलोमा के बीच का रोमांस देखने लायक होगा। अभिनेत्री पूनम ने फिल्म प्रोड्यूसर अशोक ठकेरिया से शादी की थी। पूनम और अशोक के दो बच्चे हैं, जिनमें बेटी पलोमा और बेटा अनमोल है।

पलोमा को फिल्म की टीम में शामिल करके निर्देशक अवनीश काफी खुश हैं। उन्होंने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, पलोमा एक बेहतरीन कलाकार हैं और उनकी स्क्रीन पर जबरदस्त उपस्थिति है। वह मेरे किरदार के लिए एकदम फिट हैं। पलोमा और राजवीर स्क्रीन पर एक साथ शानदार केमिस्ट्री साझा करते हैं और वास्तव में एक-दूसरे का अच्छी तरह साथ निभाते हैं।

# पर्दे पर सिर्फ बोल्ड होने का कोई मतलब नहीं:पिया वलेचा

पहले छोटी सरदारनी और इमली जैसे लोकप्रिय टेलीविजन शो में नजर आ चुकीं अभिनेत्री पिया वलेचा को लगता है कि एक अभिनेता के रूप में हर माध्यम को तलाशना महत्वपूर्ण होता है। वह कहती हैं- अपने लुक और अभिनय के माध्यम को बार-बार बदलना बहुत महत्वपूर्ण है अन्यथा लोग आपको टाइप कास्ट करते हैं और आपको वही भूमिकाएं मिलती हैं। अच्छे डिजिटल ऑफर मिलने के लिए मैं बहुत खुश और आभारी हूं, लेकिन फिर भी कुछ दिलचस्प और मजबूत रोल की तलाश में हूं, न कि सिर्फ कपड़े उतारना और बनाना। मेरे लिए प्रदर्शन सबसे ज्यादा मायने रखता है।

वह जारी रखती है- मैं एक अच्छी स्क्रिप्ट और एक अच्छे चरित्र के साथ डिजिटल शो का पता लगाना चाहती हूं। मुझे लगता है कि यह सबसे अच्छा समय है क्योंकि एक कलाकार के लिए माध्यमों में वृद्धि के साथ इतने अवसर आ रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि जल्द ही एक बड़े वेब शो में मेरी धमाकेदार वापसी होगी। मैं ग्लैमरस लेकिन अभिनय उन्मुख भूमिकाएं या बहुत मजबूत किरदार करना चाहती हूं।

साम दाम दंड भेद, बालवीर, बहू हमारी रजनी कांत और दिल्ली वाली ठाकुर गुर्ल्स जैसे शो में काम कर चुकीं पिया बिना वजह पर्दे पर बोल्ड होने में यकीन नहीं रखतीं।

वह आगे कहती हैं- सिर्फऑनस्क्रीन बोल्ड होने का कोई मतलब नहीं है। मैं अपनी कला के साथ मनोरंजन करने में विश्वास करती हूं। इसलिए एक अभिनेता के रूप में मेरे लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि मैं खुद पर काम करती रहूं और अपने शिल्प में सुधार करूं और अलग-अलग लुक को आजमाऊं। जब मैं किसी प्रोजेक्ट की शूटिंग कर रही होती हूं, तो मैं एक किरदार के रूप में काम कर रही होती हूं और जब मैं शूटिंग नहीं कर रही होती हूं तो मैं एक नए किरदार की तैयारी कर रही होती हूं। यह मेरे लिए हमेशा काम करता है।

# किल बिल का रीमेक नहीं है कृति की अपकमिंग मूवी



बॉलीवुड इंडस्ट्री की टैलेंटेड और खूबसूरत अभिनेत्रियों में से एक कृति सेनॉन इस वक्त कई प्रोजेक्ट्स पर कार्य कर रही हैं। इस प्रोजेक्ट्स में से एक मशहूर डायरेक्टर अनुराग कश्यप की आने वाली रिवेंज ड्रामा भी है। बीते कई दिनों से खबरें आ रही थी कि कृति सेनॉन की ये मूवी किल बिल का रीमेक है। हालांकि अब कृति सेनॉन ने एक साक्षात्कार के दौरान खुद ये बात कन्फर्म करते हुए बोला है कि ये फिल्म एकदम अलग और नई दिखाई दे रही है।

कृति सेनॉन ने बोला है कि अनुराग कश्यप कभी भी रीमेक्स नहीं बनाते हैं। कृति ने आगे बात करते हुए बोला है कि ये फिल्म रिवेंज एक्शन मूवी है। उन्होंने अपने फैंस को यह भी भरोसा दिलाया कि फिल्म की स्क्रिप्ट एकदम अलग होने वाली है। एक्ट्रेस के अनुसार अनुराग वह है जो अपनी खुद की एक नई दुनिया बनाना पसंद करते हैं और उनकी दुनिया का भाग बनने और उनके निर्देशन में बन रही मूवी के लिए बेहद उत्साहित हूं। कृति ने बोला है कि ये अनुराग द्वारा बनाई गई किसी भी फिल्म से एकदम अलग और नई होने वाली है।

कृति सेनॉन इन दिनों टाइगर श्रॉफकी आने वाली मूवी गणपतरू पार्ट वन की शूटिंग में बिजी है। इस मूवी की शूटिंग पूरी करने के उपरांत वो जल्द ही अनुराग के डायरेक्शन में बन रही मूवी पर काम शुरू करने वाली है। इस दोनों मूवीज के साथ कृति सेनॉन जल्द ही प्रभास की मूवी आदिपुरुष और वरुण धवन की भेड़िया में भी नजर आने वाली है। कृति सेनॉन की इन सभी मूवी को देखने के लिए दर्शक भी बड़े बेताब हैं। कृति सेनॉन की आखिरी बार अक्षय कुमार की मूवी बच्चन पांडे में नजर आई थीं।

# पेरारिवलन की रिहाई और कुछ सवाल

अजीत द्विवेदी

राजीव गांधी की हत्या में दोषी ठहराए गए एजी पेरारिवलन को सुप्रीम कोर्ट ने असाधारण परिस्थितियों में इस्तेमाल होने वाले संविधान के अनुच्छेद 142 की शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए रिहा कर दिया है। उम्र कैद की सजा पाए किसी कैदी का करीब 3० साल सजा काट लेने के बाद रिहा होना एक न्यायसंगत और मानवीय बात लगती है। इस पर किसी को ऐतराज नहीं होना चाहिए। लेकिन पेरारिवलन का मामला इतना सीधा और सरल नहीं है। इसमें कई पेंच हैं और इसी वजह यह रिहाई सवालों के घेरे में है।

रिहाई की प्रक्रिया से लेकर पेरारिवलन के रिहा होने के बाद का घटनाक्रम कई सवालों को जन्म देता है। दुर्भाग्य से ये सारे सवाल चिंताजनक हैं और न्यायपालिका, सरकार, मीडिया व राजनीतिक दलों को इसका ईमानदारी से जवाब तलाशना होगा।

सबसे पहला सवाल यह है कि आखिर एक पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या की साजिश में शामिल अपराधी का मामला क्षेत्र विशेष की अस्मिता का मामला कैसे बना? तमिलनाडु में पेरारिवलन की रिहाई को लेकर खूब राजनीति हुई और इसके लिए आंदोलन हुए। जनभावना के नाम पर राजनीतिक दलों ने उसकी रिहाई का समर्थन किया। सवाल है कि क्या सरकारें और न्यायपालिका सिर्फ जन भावना के दबाव से संचालित हो सकती हैं? जम्मू कश्मीर में आए दिन संदिग्ध आतंकवादियों के समर्थन में रैलियां होती हैं, जुलूस निकाले जाते हैं और उनकी रिहाई की मांग होती है। वहां भी तमिलनाडु की तरह अगर सारी पार्टियां एकजुट होकर किसी आतंकवादी या आतंकवादी के सहयोगी को रिहा करने की मांग करने लगें तो क्या होगा? क्या बीमार पिता और बूढ़ी मां का तर्क किसी बेहद गंभीर अपराध में शामिल रहे दोषी व्यक्ति की रिहाई का आधार बन सकता है? क्या इससे आतंकवादियों के हौसले नहीं बढ़ेंगे?

पंजाब के मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के मामले में मौत की सजा पाए बलवंत सिंह राजोआना का मामला भी बिल्कुल इसी तरह का है। राजोआना को विशेष अदालत ने मौत की सजा सुनाई, जिसके खिलाफ उसने अपील नहीं करने का ऐलान कर दिया। उसने मीडिया के नाम खुली चि-ी लिखी और भारत की न्याय प्रणाली पर अविश्वास जताया। बाद में शिरोमणी गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी ने दया याचिका दायर की, जिस पर कार्रवाई करते हुए 2०12 में तब की कांग्रेस सरकार ने फांसी की सजा पर रोक लगा दी। उसके बाद से राजोआना का मुद्दा लंबित है और उसकी रिहाई की मांग अब धार्मिक, सामाजिक आंदोलन में बदल गई है। यह भी एक आतंकवादी की अस्मिता और उसकी राजनीति से जुड़ा मामला है। पेरारिवलन की रिहाई से से राजोआना कि रिहाई का भी रास्ता बनता है।

दूसरा सवाल इतने गंभीर अपराध की जांच में हुई गड़बड़ी का है। जांच करने वाले अधिकारियों में से एक ने खुद जांच रिपोर्ट में छेड़छाड़ की बात स्वीकार की है। एजी पेरारिवलन के ऊपर आरोप था कि उसने नौ वोल्ट की दो बैटरी खरीदी थी और उसे शिवरासन को दिया था। इस बैटरी का इस्तेमाल बम बनाने के लिए किया गया था और उसी बम से राजीव गांधी की हत्या हुई थी। टाडा कानून के तहत दिए अपने इकबालिया बयान में पेरारिवलन ने बैटरी खरीदने और उसे शिवरासन को देने की बात कबूल की थी। इस आधार पर अदालत ने उसे आतंकवादियों का सहयोगी माना और मौत की सजा दी। सुप्रीम कोर्ट ने भी उसकी मौत की सजा बरकरार रखी थी, जिसे बाद में उम्र कैद में बदला गया। हालांकि हर सुनवाई में पेरारिवलन अपने को बेकसूर बताता रहा। बाद में 2०13 में इस मामले की जांच से जुड़े एक आईपीएस अधिकारी वी त्यागराजन ने कहा कि पेरारिवलन ने अपने बयान में बैटरी खरीद कर शिवरासन को देने की बात तो कबूल की थी लेकिन वह नहीं जानता था कि इसका क्या इस्तेमाल होगा। खुद त्यागराजन ने कबूल किया कि उन्होंने अपनी तरफसे रिपोर्ट में यह निष्कर्ष जोड़ा कि पेरारिवलन को पता था कि बैटरी का इस्तेमाल बम बनाने में किया जाएगा। यह सही था तब भी पेरारिवलन बेकसूर नहीं था लेकिन उसका अपराध उतना बड़ा भी नहीं था कि उसे 3० साल जेल में रहना पड़े। तभी सवाल है कि जांच अधिकारी के खिलाफ क्यों नहीं कोई कार्रवाई की गई और न्यायपालिका ने इस पर खुद संज्ञान लेकर अपने फैसले में बदलाव क्यों नहीं किया?

तीसरा सवाल न्यायपालिका की भूमिका पर है। सुप्रीम कोर्ट की जिस बेंच ने पेरारिवलन की मौत की सजा बरकरार रखने का फैसला सुनाया था उसके अध्यक्ष थे जस्टिस केटी थॉमस। रिटायर होने के बाद जस्टिस थॉमस ने एक इंटरव्यू में कहा था कि वे इकबालिया बयान या एक आरोपी के दूसरे के खिलाफ दिए बयान को अंतिम सत्य मान कर फैसला देने के पक्ष में नहीं थे। उन्होंने कहा था कि इकबालिया बयान ठोस सबूत नहीं होता है, बल्कि कोरोबोरेटिंग इवीडेंस होता है, जिसे दूसरे सबूतों के साथ मिला कर देखना होता है। जस्टिस थॉमस का कहना था कि उन्होंने बेंच में अपने साथी जजों को पारंपरिक साक्ष्य अधनियम की यह बात समझाने की कोशिश की लेकिन बहुमत की राय थी कि टाडा कानून में इकबालिया बयान सजा देने के लिए पर्याप्त है। सोचें, इतने गंभीर मामले में क्या देश की सर्वोच्च अदालत को ज्यादा व्यापक नजरिया रखते हुए फैसला नहीं करना चाहिए था? ध्यान रहे सर्वोच्च अदालत किसी कानून का गुलाम नहीं है, बल्कि उसका काम कानून की व्याख्या और समीक्षा करना है।

चौथा सवाल राज्यपाल और राष्ट्रपति की भूमिका को लेकर है। तमिलनाडु सरकार ने सितंबर 2०18 में पेरारिवलन की रिहाई का प्रस्ताव राज्यपाल के पास भेजा था। राज्यपाल ने ढाई साल तक इस पर कोई फैसला नहीं किया। प्रस्ताव राजभवन में पड़ा रहा। जुलाई 2०2० में मद्रास हाई कोर्ट ने इस पर बेहद तीखी टिप्पणी करते हुए कहा था कि राज्यपाल के फैसला करने के लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की गई है लेकिन ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि उस पद के साथ आस्था और विश्वास जुड़ा हुआ है। इसके आगे अदालत ने कहा कि अगर संवैधानिक संस्थाएं एक निश्चित समय में फैसला नहीं करती हैं तो अदालतों के लिए दखल देना अनिवार्य हो जाएगा। इस टिप्पणी के बावजूद राज्यपाल के पास प्रस्ताव छह महीने से ज्यादा लंबित रहा और फरवरी 2०21 में उन्होंने इस पर फैसला करने की बजाय इसे राष्ट्रपति को भेज दिया। राष्ट्रपति के यहां भी एक साल से ज्यादा समय तक कोई फैसला नहीं हुआ तो सुप्रीम कोर्ट ने भी बेहद तीखी टिप्पणी की और अनुच्छेद 142 से मिली अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए पेरारिवलन को रिहा कर दिया।

इस घटनाक्रम के बाद क्या यह जरूरी नहीं हो जाता है कि राज्यपालों के फैसला करने की एक निश्चित समय सीमा तय की जाए? आज तमिलनाडु से लेकर पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र तक कई राज्यपालों से सरकारों को शिकायत है कि वे विधानसभा के फैसलों और केंद्र सरकार की ओर से भेजे गए प्रस्तावों को रोक कर बैठे रहते हैं। पेरारिवलन मामले से एक खिडक़ी खुली है। सरकारों की ओर से राज्यपालों को भेजे गए प्रस्तावों पर फैसला करने के लिए अब एक निश्चित समय सीमा तय होनी चाहिए। इससे आम आवाम का बहुत भला होगा। एक सवाल भारतीय मीडिया के लिए भी है। पेरारिवलन की रिहाई के फैसले के अगले दिन यानी 19 मई को अंग्रेजी के एक अखबार ने उसका लेख प्रकाशित किया। ध्यान रहे जाने या अनजाने में उसने आतंकवादियों की मदद की थी और एक पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या का साझीदार रहा है। वह कोई क्रांतिकारी नहीं है। वह हत्या के मामले में जेल काट कर छूटा है। उसके और उसकी मां के च्संघर्षज् को महिमामंडित करना एक खतरनाक परंपरा की शुरुआत है।

## सू- दोकू क्र. 084

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.083 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |

# भरपाई की अमेरिकी पहल

आरसीईपी या सीपीटीपीपी में अमेरिका के ना होने से पैदा हुई कमी की भरपाई उसकी नई पहल नहीं कर पाएगी। दरअसल इंडो-पैसिफिक्क इकॉनमिक फ्रेमवर्क नाम से हुई इस पहल के कई पहलू अभी स्पष्ट नहीं हैँ।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पिछले अक्टूबर में ही ये बता दिया था कि वे एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए एक विशेष आर्थिक पहल करेंगे। इस क्षेत्र की अपनी मौजूदा यात्रा में उन्होंने इसकी शुरुआत कर दी। लेकिन इस क्षेत्र के जानकार यह नहीं मानते कि आरसीईपी या सीपीटीपीपी में अमेरिका के ना होने से पैदा हुई कमी की भरपाई नहीं ये पहल कर पाएगी। वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह खुलेआम कह चुके हैं कि इंडो-पैसिफिक्क इकॉनमिक फ्रेमवर्क (आईपीईएफ) नाम से हुई इस पहल के कई पहलू अभी स्पष्ट नहीं हैँ। दरअसल, आईपीईएफमें शामिल होने वाले देशों को व्यापार, श्रम मानदंडों और पर्यावरण कसौटियों के बारे में नए नियम स्वीकार करने होंगे। जाहिर है, विकासशील देशों की नजर में यह आईपीईएफ का नकारात्मक पहलू बना रहेगा। आईईपीएफ में सप्लाई चेन को मजबूत बनाने के नियम शामिल किए गए हैँ।

यह एक तरह से सप्लाई चेन से चीन को बाहर करने की योजना है। लेकिन ऐसा होने पर वह आपूर्ति शृंखला भंग हो जाएगी, जिसमें आसियान देश शामिल हैँ। स्पष्टतरू ये देश ऐसी किसी स्थिति के लिए तैयार नहीं होंगे। फिर सवाल यह भी है कि क्या बाइडेन के राष्ट्रपति ना रहने के बाद भी अमेरिका इस पहल पर कायम रहेगा? तो इन अनिश्चितताओं के कारण ऐसी संभावना नहीं दिखती की आईपीईएफ इस क्षेत्र में ज्यादा प्रभावशाली हो पाएगा। यह तो साफ है कि अमेरिकी पहल के पीछे मकसद चीन



के बढ़ते प्रभाव को रोकना है। अमेरिका को उम्मीद है कि आईपीएफ से एशियाई देशों के साथ उसका सहयोग बढ़ेगा। लेकिन उसे यह स्पष्ट भी करना पड़ा है कि नई पहल मुक्त व्यापार समझौता नहीं है। असल में कि पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के समय से अमेरिका में आम माहौल मुक्त व्यापार समझौतों के खिलाफ है। इसलिए बाइडेन प्रशासन ने यह स्पष्टीकरण जारी करना उचित समझा। अमेरिका का आकलन है कि इस क्षेत्र से अमेरिका के हट जाने का फायदा चीन को मिला। आरसीईपी के जरिए उसने इस क्षेत्र से प्रगाढ़ आर्थिक संबंध बना लिए। तो अब अमेरिका जागा है। लेकिन इसमें उसने शायद कुछ ज्यादा देर कर दी है।

# परिवारवाद की वजह से मेरी कोई मदद नहीं हुईरु अध्ययन सुमन

बॉलीवुड अभिनेता अध्ययन सुमन, जो आश्रम के बहुप्रतीक्षित तीसरे सीजन के लिए तैयार हैं। उन्होंने हाल ही में साझा किया कि हालांकि उनका परिवार इसी इंडस्ट्री से है। मेरा मतलब है कि भाई-भतीजावाद मेरे लिए काफी उतना सहायता देने वाला नहीं रहा। उन्होंने कहा कि, सब कुछ दर्शकों पर निर्भर करता है, प्रचार या अभियानों पर खर्च की गई कोई भी राशि वास्तव में किसी अभिनेता या अभिनेत्री के करियर को आकार नहीं दे सकती है, यदि दर्शक उन्हें और उनके काम को देखने के लिए तैयार नहीं हैं।वेब शो आश्रम 3 के लिए एक मीडिया कार्यक्रम में बोलते हुए, अभिनेता ने साझा किया, भाई-भतीजावाद ने कभी मेरे पक्ष में काम नहीं किया। क्या काम करेगा या कौन काम करेगा यह पूरी तरह से दर्शकों पर निर्भर करता है।

भाई-भतीजावाद के आसपास बहस हमेशा व्यर्थ रही है।हाल ही में एक उदाहरण देते हुए, अभिनेता ने कहा, आज, कार्तिक आर्यन को भूल भुलैया 2 के लिए उतना ही प्यार मिलता है जितना आलिया भट्ट को गंगूबाई काठीवाड़ी के लिए मिलता है। इस उम्र में प्रतिभा और सामग्री का नियम सर्वोच्च है।प्रकाश झा द्वारा निर्देशित और निर्मित क्राइम ड्रामा सीरीज आश्रम की बात करें तो यह अंध विश्वास और राजनीति के गठजोड़ पर केंद्रित है।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन की मौत, 15 घायल

हमारे संवाददाता

उत्तरकाशी/टिहरी। राज्य में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे है। बीती रात गंगोत्री राजमार्ग पर कोपांग के समीप यात्रियों से भरा एक टैम्पो ट्रैवलर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन में चालक समेत 15 लोग सवार थे, जिनमें से दो यात्रियों की मौके पर मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर आईटीबीपी व पुलिस ने रेस्क्यू अभियान चलाकर सभी घायलों को उपचार के लिए हर्षिल अस्पताल में भर्ती कराया वहीं पुलिस ने दोनों मृतकों का शव कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी गयी है। वहीं दूसरी ओर आज सुबह एक कार के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से कार सवार मां की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि पिता पुत्र गम्भीर रूप से घायल हुए है।

जानकारी के अनुसार बीती रात लगभग डेढ़ बजे गंगोत्री राजमार्ग पर कोपांग के समीप यात्रियों से भरा टैम्पो ट्रैवलर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुलिस के अनुसार वाहन हादसे में दो यात्रियों अलका बोटे निवासी औरंगाबाद व माधवन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य यात्री उमा पाटिल, अरनभ महर्षि, साक्षी सिन्धे, अर्चना सिंधे, अनया महाजन, अनुप्रिया महर्षि, सही पवार, सुभाष सिंह राणा निवासी मानपुर , डॉ वेंकेटेश, वर्षिता पाटिल, आमरा बोटे, रजनीश सेठी, व जितेंद्र सिंह निवासी प्रेमनगर देहरादून घायल हैं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस व आईटीबीपी ने देर रात तक रेस्क्यू अभियान चलाकर सभी घायल यात्रियों को आर्मी हर्षिल अस्पताल में भर्ती कराया गया। कुछ यात्रियों को हर्षिल में प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल उत्तरकाशी के लिए रेफर किया गया। वाहन में सवार अधिकांश यात्री औरंगाबाद के बताए जा रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर देवप्रयाग में चमोली से देहरादून की ओर जा रही एक कार दुर्घटना का शिकार हो गयी। जिसमें कार सवार तीन लोग गम्भीर घायल हो गये। जिन्हे अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गयी वहीं घायल दो लोगों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। मृतक व घायल एक ही परिवार के लोग है। जिनमें से मां नीतू की मौत हो गयी जबकि पिता भुपेन्द्र व पुत्र आयुष गम्भीर घायल है।

## कार से लाईसेंसी पिस्टल व रुपये चोरी

देहरादून (सं)। कार से लाईसेंसी पिस्टल व नगदी चोरी होने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार एमडीडीए कालोनी ट्रांसपोर्ट नगर निवासी गौरव चौहान ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने एम.डी.डी.ए. आई.एस.बी.टी. के फ्लेट पर रात्रि करीब 10 बजे पहुँचा था व जब ढेड बजे के करीब नीचे वापस अपने घर जाने हेतु आया तो गाडी का शीशा टूटा था व पैसे व पिस्टल लाईसेन्स गायब था पैसे की पुरी जानकारी ट्रानजैक्सन के हिसाब से वह बता देगा। उक्त घटना मे उसको दमन, हैन्नी पर शक है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## केदारनाथ जाने के लिए फर्जी टिकट देकर हड़पे 48 हजार रुपये

देहरादून (संवाददाता)। फाटा से केदारनाथ जाने के लिए फर्जी हवाई टिकट देकर 48 हजार रूपये ठग लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरू रोड निवासी मुकुल कोरी ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसको 05 मई को कोलकत्ता से एक कस्टमर का मोबाइल से काल आया और कहा कि उसें केदारनाथ हैलीकॉप्टर से जाना है क्या 06 लोगो के टिकट हो सकते हैं। इस पर उसके द्वारा अपने जानकार मनोज रावत जो कि जोलीग्रान्ट हैलीपैड पर टैक्सी चलाता है से सम्पर्क किया गया जिसके द्वारा बताया गया कि ऑनलाईन टिकट बुक हो रहे हैं। मनोज द्वारा 06 लोगो के फाटा से केदारनाथ तक 8000 रूपये प्रति व्यक्ति के हिसाब से पैसे देने हेतु कहा गया तो उसके द्वारा मनोज रावत को 28320 रुपये फोन पे के माध्यम से व 20000 रुपये कैश कुल 48320 रुपये दिये गये। मनोज रावत द्वारा किसी यासीन नाम के व्यक्ति से ऑनलाईन टिकट करके 20 मई के ऑनलाईन टिकट बुक कर उसको व्हट्सएप पर दिये गये। उसके द्वारा उक्त टिकटों को अपने कस्टमर को भी दे दिये थे। 18 मई को मनोज रावत द्वारा बताया गया कि यासीन के द्वारा उसको फर्जी टिकट करवाके दिये गये हैं जो उसने आपको दिये थे। उसको ये भी जानकारी हुयी है कि उन टिकटों पर क्यू आर कोड नहीं हैं तथा व फर्जी टिकट हैं। ऑनलाईन जो टिकट बुक किये गये हैं वो नम्बर अब स्विच ऑफ आ रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### व्यापारी पुत्र की आत्महत्या प्रकरण

# तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर कोतवाली का घेराव

संवाददाता

देहरादून। व्यापारी के पुत्र द्वारा आत्महत्या करने के दोषी तीन भाईयों में से दो को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर व्यापारियों ने मौन जुलूस निकाल कोतवाली का घेराव किया।



आज यहां दून उद्योग व्यापार मण्डल के कार्यकारी अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल के नेतृत्व में पीपल मण्डी हनुमान चौक से मृतक शिवम् के माता-पिता, बहन अन्य रिश्तेदारों व स्थानीय व्यापार मण्डल के संबंधित ईकाई के पदाधिकारी, क्षेत्रवासियों के साथ पीपल मण्डी हनुमान चौक से लेकर तीसरे मुख्य अपराधी की गिरफ्तारी के संबंध में संयुक्त रूप से कोतवाली तक मुक प्रदर्शन किया कोतवाली का घेराव कर कोतवाल विद्या भूषण नेगी से न्याय की मांग की गई और तीसरे मुख्य अपराधी की 48 घंटे के अंदर गिरफ्तारी हो ऐसी चेतावनी दी गई साथ ही अगर इस पर कोई साकारात्मक कार्यवाही नहीं होती है तो उसके उपरांत बाजार बंद करके इस आंदोलन को और भी तेज किया जाएगा। 24 मई,को हनुमान चौक पीपल मंडी स्थित राशन की दुकान मीनु ट्रैडर्स के नाम से चलाने वाले व्यापारी शिवम् गुप्ता ने सुसाइड की थी। मृतक शिवम् ने सुसाइड से पहले एक वीडियो बनाई थी जिसमे उसने बताया था कि उसके सुसाईड का कारण उनके पड़ोसी दुकानदार हैं। उनके नामों का खुलासा अजय बंसल (कालु) ललित बंसल (बंटी) और अतुल बंसल (मणि) के रूप में किया था। मृतक ने अपनी मौत का पुरा दोषी अपने पड़ोसी दुकानदार इन तीनों को बताया था।

कोतवाली में प्रदर्शन करने के बाद पुलिस ने दो भाईयों की अजय बंसल और ललित बंसल की गिरफतारी हुई बाकि मुख्य आरोपी अतुल बसल उर्फ मणि फरार है। दून उद्योग व्यापार मण्डल के कार्यकारी अध्यक्ष अग्रवाल व महासचिव सुनील मैंसोन ने बताया कि इस संबंध में 31 मई को एक पत्रकार वार्ता का आयोजन बाबुगंज बाजार स्थित होटल सिद्धार्थ में सांयकाल 6 बजे किया गया है। जिसमें दिवंगत शिवम् के परिजन पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे। उसके उपरांत हनुमान चौक, बाबुगंज तिराहे पर ही दिवंगत आत्मा को श्रद्धाजंलि अर्पित की जाएगी। इस मौके पर दून उद्योग व्यापार मण्डल के महासचिव सुनिल मैंसोन मृतक शिवम् के पिता विनोद गुप्ता, बहन मीनु गुप्ता, वैदकि गुप्ता, अजय सिंहल, विशाल गुप्ता, अजय अग्रवाल गुरुजिन्द्र सिंह, फतेह चंद गर्ग, रोशन लाल अग्रवाल, कुल भूषण अग्रवाल, मानिक जैन, संजय अग्रवाल, मनोज गोयल , चारू गोयल, सतीश कश्यप, प्रदीप गुप्ता अनु कुमार, आनंद गर्ग, विजय कोहली, राजेश बडोनी, आयुष जैन, प्रवीन जैन, महेश सपरा, महेश डोडी, गोपाल, तरूण सडाना, तुषार गुप्ता, शालीन बंशल, बॉबी गुप्ता, राजेश जैन,अनिल गोयल राजेश सिंहल, मोहम्मद इरशाद, अजय गोयल आदि की उपस्थिति रही।

# भू-कानून की मांग को लेकर आंदोलनकारी चढ़ा मोबाइल टावर पर

हमारे संवाददाता

देहरादून। प्रदेश में भू-कानून लाने की मांग को लेकर पिछले कई दिनों आंदोलन कर रहे आंदोलनकारी द्वारा अपनी मांगों पर संज्ञान न लिये जाने पर आज मोबाइल टावर पर चढ़ कर आत्महत्या किये जाने की धमकी दी गयी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने युवक को समझाने के प्रयास किये जिसके बाद कई घंटे चले हाईप्रोफाइल ड्रामे के बाद पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने युवक को नीचे उतार लिया गया है।

बताया जा रहा है कि आंदोलनकारी युवक सुरेन्द्र सिंह रावत पिछले 15 दिनों से राज्य में भू-कानून लाने की मांग को लेकर गांधी पार्क पर धरना दे रहा था। आंदोलनकारी युवक का कहना है कि 15 दिनों से वह धरने पर बैठा है लेकिन प्रशासन द्वारा उनकी मांगों पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया। आज सुबह आंदोलनकारी



सुरेन्द्र सिंह रावत पटेलनगर स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया और आत्महत्या किये जाने की बात कहने लगा। आंदोनकारी युवक के मोबाइल टावर पर चढ़ने की सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और युवक को समझाने का प्रयास करने लगे। वहीं आंदोलनकारी युवक सुरेन्द्र सिंह रावत का कहना है कि उसकी मौत के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जिम्मेदार होगें। सुरेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि उन्होने मुख्यमंत्री धामी से मांग की थी कि राज्य में एक सशक्त भू-कानून लाया जाये ताकि राज्य की जमीनों पर बाहरी प्रदेश के माफिया कब्जा न जमा सकें लेकिन मुख्यमंत्री धामी द्वारा इस मामले में कोई संज्ञान नहीं लिया गया था।

कई घंटे चले इस हाईप्रोफाइल ड्रामे के बाद पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद सुरेन्द्र सिंह रावत को समझा-बुझा कर उसे नीचे उतार लिया गया था।



## एक नजर

# नेपाल में तारा एयरलाइंस के विमान का मलबा एक पहाड़ी पर मिला

काठमांडू। नेपाली सेना ने देश के पर्वतीय मुस्तांग जिले में दुर्घटनाग्रस्त हुए तारा एयरलाइंस के विमान का पता लगा लिया है। सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल नारायण सिलवाल ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस विमान में २२ यात्री सवार थे। इनमें से ४ भारतीय भी थे। विमान की खोजबीन के लिए सेना अभियान में जुटी थी। विमान का मलबा एक पहाड़ी पर मिला। बता दें कि तारा एयर के इस दो इंजन वाले विमान ने रविवार (२६ मई) की सुबह ६.५५ बजे टेकऑफ किया था, लेकिन जल्द ही रडार से गायब हो गया।



विमान के पायलट की पहचान प्रभाकर प्रसाद घिमिरे के रूप में हुई है। मुस्तांग जिले के डीएसपी राम कुमार दानी ने बताया था कि उन्हें स्थानीय लोगों से ऐसी सूचना मिली थी कि टिटी इलाके में धमाके की आवाज सुनी गई है। इस हादसे में किसी भी यात्री के बचने की संभावना नहीं है। सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल नारायण सिलवाल ने सोमवार को विमान के मलबे की एक तस्वीर शेयर की है। जानकारी के अनुसार तारा एयर का विमान लैंडस्लाइडिंग के चलते लामचे नदी के मुहाने पर हादसे का शिकार हो गया।

# सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी, पुलवामा मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर

जम्मू। जम्मू–कश्मीर के पुलवामा जिले में रविवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए हैं। इसकी जानकारी जम्मू–कश्मीर पुलिस ने दी है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के पुलवामा के गुंडीपुरा इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में गुप्त सूचना मिली थी। जिसके बाद सुरक्षाबलों ने रविवार को वहां घेराबंदी की और तलाशी अभियान चलाया। पुलिस ने बताया कि आतंकियों के पास से दो एके राइफल बरामद की गई है। उन्होंने कहा कि तलाशी अभियान के दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर हमला कर दिया, जिसका सुरक्षाबलों ने जवाब दिया और मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारी ने सोमवार को बताया कि इस मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर कर दिए गए हैं। इससे पहले अधिकारियों ने बताया था कि जैश–ए–मोहम्मद के दो स्थानीय आतंकवादी मुठभेड़ में फंस गए, जिनमें शहीद कांस्टेबल रेयाज अहमद का एक हत्यारा भी शामिल है।



# अमेरिका में फिर हुई गोलीबारी !

नई दिल्ली। अमेरिका से एक बार फिर गोलीबारी की घटना सामने आई है। यहां पूर्वी ओकलाहोमा में रविवार को एक कार्यक्रम में हुई फायरिंग में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। जबकि इस घटना में सात अन्य लोग घायल हो गए। ओकलाहोमा स्टेट ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन ने एक बयान जारी कर कहा कि टुल्सा से लगभग १६ किलोमीटर दूर दक्षिण–पूर्व में स्थित टाफ्ट के पास मेमोरियल डे कार्यक्रम में गोलीबारी की गई। चश्मदीदों के मुताबिक, देर रात को कुछ लोगों के बीच बहस छिड़ गई थी। ये बहस बाद में भयंकर विवाद में तब्दील हो गई और फिर गोलीबारी शुरू हुई। इस घटना की जांच कर रहे अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में फिलहाल कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। कार्यक्रम स्थल के पास स्थित टाफ्ट्स बूट्स कैफे की मालकिन सिल्विया विल्सन ने कहा, 'हमें कई धमाकों की आवाज सुनाई दी। शुरुआत में हमें लगा कि वहां पटाखे बज रहे हैं। हमने लोगों को भागते और छिपते देखा। इसके बाद हम चिल्लाने लगे, नीचे झुको, नीचे झुको। टाफ्ट में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग १५०० लोगों ने शिरकत की थी। कार्यक्रम में मौजूद मस्कोगी काउंटी शेरिफ कार्यालय के सदस्य तुरंत लोगों की मदद में जुट गए। गौरतलब है कि अमेरिका में पिछले कुछ दिनों में फायरिंग की घटनाएं काफी बढ़ी हैं। इससे पहले, अमेरिका के टेक्सास स्थित एक प्राइमरी स्कूल से गोलीबारी की घटना सामने आई थी। इस घटना को १८ साल के एक गनमैन ने अंजाम दिया था।



# जनसंपर्क अभियान जारी, मतदान कल

विशेष संवाददाता

बनबसा। चंपावत उपचुनाव के लिए भले ही चुनाव प्रचार अभियान थम चुका हो लेकिन जनसंपर्क अभियान जारी है। मुख्यमंत्री धामी ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन धुआंधार प्रचार किया और अब वह मोटरसाइकिल पर सवार होकर समर्थकों के साथ डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान में जुटे हैं।

मुख्यमंत्री धामी जिनके लिए यह चुनाव करो और मरो वाला है भले ही प्रचार के दौरान उन्हें जनता से जीत का आश्वासन मिल रहा हो लेकिन वह अपने प्रयासों में किसी तरह की कोई कमी नहीं छोड़ना चाहते हैं। आज मुख्यमंत्री धामी ने बनबसा क्षेत्र में गांव गांव जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया और सभी लोगों से वोट करने की अपील की। चंपावत सीट पर 4 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा कांग्रेस के बीच ही है। इस चुनाव के लिए कल 31 मई को वोट डाले जाने हैं। चंपावत विधानसभा में 96246 मतदाता हैं जिसमें पुरुषों की तुलना में महिला वोटर अधिक है। मतदान के लिए 151 बूथ बनाए गए हैं। आज शाम तक सभी मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टियां पहुंच जाएगी। मतदान कल सुबह आठ बजे शुरू होगा। मतदान के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए, राज्य की नेपाल से लगने वाली सीमा को सील कर दिया गया है। जिला अधिकारी नरेंद्र भंडारी का कहना है कि मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। दूरस्थ क्षेत्रों की 135 पोलिंग पार्टियां रवाना हो गई थी शेष पार्टियों को आज सुबह भेजा गया है। भाजपा का दावा है कि वह है इस चुनाव को रिकार्ड मतों से जीतेगी।



❑सीएम धामी मोटरसाइकिल से निकले जनसंपर्क अभियान पर

# लाखों लोगों ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

विशेष संवाददाता

हरिद्वार। सोमवती अमावस्या पर आज हरिद्वार और ऋषिकेश में भारी जन सैलाब उमड़ता दिखा। हरिद्वार की हरकी पैड़ी सहित सभी घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गयी। सुबह से ही श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान शुरू कर दिया था दोपहर तक 15 से 20 लाख श्रद्धालु गंगा स्नान कर चुके थे। उम्मीद जताई गई है कि शाम तक 35 से 40 लाख के बीच श्रद्धालु स्नान करेंगे।

सोमवती अमावस्या का हिंदू धर्मावलम्बियों के लिए विशेष महत्व माना जाता है सोमवती अमावस्या के दिन पवित्र नदियों में स्नान और दान तथा पूजा अर्चना की विशेष महत्ता होती है। इस दिन गंगा स्नान का पुण्य दोगुना तथा दान का महत्व 10 गुना माना जाता है। श्रद्धालु गंगा स्नान के बाद अपने आराध्य की पूजा अर्चना करते हैं तथा इस दिन शिव पार्वती की पूजा का विशेष महत्व होता है।

बीते कल से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का हरिद्वार आना शुरू हो गया था। बीते कल भीड़ के कारण हरिद्वार में पूरे दिन जाम के हालात बने रहे थे। आज सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान शुरू कर दिया है। डीजीपी अशोक कुमार का कहना है कि हरिद्वार महाकुंभ के बाद यह पहला अवसर है जब बिना किसी रोक-टोक के स्नान हो रहा है। उन्होंने बताया कि आज सुबह से ही दोपहर तक लगभग 15 से 20 लाख लोगों के स्नान करने की खबर है उन्होंने कहा कि एक अनुमान के अनुसार 35 से लाख लोग आज गंगा में स्नान करेंगे। कोरोना के बाद यह सबसे बड़ा स्नान है।

भीड़भाड़ के मद्देनजर पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं मेला क्षेत्र को पांच मुख्य जोन और 39 सब जोन में बांटा गया है। सीसीटीवी कैमरों के जरिए सभी श्रद्धालुओं पर नजर रखी जा रही है। आज सोमवती अमावस्या के साथ सावित्री पूजा भी है। इस दिन विवाहित महिलाओं द्वारा अपने पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखा जाता है तथा वट वृक्ष की पूजा अर्चना की जाती है। एक साथ तीन पर्व होने के कारण अमावस्या का महत्व और भी अधिक बढ़ गया है। हर कोई गंगा में स्नान करने और पूजा करने का यह अवसर खोना नहीं चाहता है समाचार लिखे जाने तक स्नान जारी था।



●सोमवती अमावस्या पर हरिद्वार में उमड़ा जनसैलाब ●दोपहर तक बीस लाख लोगों ने किया स्नान

# अश्लील फोटो अपलोड करने पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। सोशल मीडिया में अश्लील फोटो अपलोड कर बदनाम करने के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कारगी चौक निवासी युवती ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके मोबाइल पर एक टैक्स मैसज आया था किसी किसी अपरीकेशन एक्स टी पॉकेट नाम से एक लिंक आया था जिस उसने क्लीक करके एक ऐप डानलोड हो गयी थी । जिसे उसके खाते मे एक हजार रूपये ट्रॉसफर हो गये थे उसके बाद 10 मई से कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अलग–अलग नम्बर से बार–बार वैटसएप में कॉल आती रही और उसको व उसके रिश्तेदार और दोस्तो को उसकी फोटो का गलत उपयोग किया और कोनक्ट लिस्ट में शेयर करके धमकाने लगे और परेशान करने लगे। उसकी फोटो को अश्लील फोटो एंव वीडियो के साथ ऐडिटिंग तथा उसकी फोटो के साथ अश्लील शब्द जोड़ कर उसके दोस्तो और रिश्तेदारों को भेजकर उसकी छवि खराब करने की नियत से नलाइन व्याटस एप एंव अन्य सोसल मीडिया के माध्यम से लोगो को परेशित कर रहा है।

पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## किसान नेता राकेश टिकैत..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

विवाद संगठन के दो ग्रुपों के बीच आपसी तकरार के कारण हुआ है।

घटना से हतप्रभ राकेश टिकैत का कहना था कि उन्हें नहीं पता कि यह किसने किया और इसके पीछे क्या कारण है। उन्होंने कहा कि सरकार और स्थानीय प्रशासन इसके लिए जिम्मेवार है। उन्होंने कहा कि यहां सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए थे। राकेश टिकैत जो तीन कृषि कानूनों के विरोध में लंबी लड़ाई लड़ चुके हैं, पर हुए इस हमले से भाकियू कार्यकर्ताओं और नेताओं में भारी आक्रोश है।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*